प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 11.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 11.10.2024 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा वारण्टी राजवीर सिंह पुत्र भारत सिंह नि0 ग्राम खाबरी गन्दू थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 40 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0-77/13 धारा 279/337/338/304ए भादवि को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री ओमपाल सिंह

का0 विशाल कुमार

2- चरस के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार थाना मैनाठेर-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10.10.2024 की रात्रि में थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा 1-वसीम पुत्र छोटे निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद 2-छोटे पुत्र मसीत निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को 02 किलो 175 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-364/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1-वसीम पुत्र छोटे निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद

2-छोटे पुत्र मसीत निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद

बरामदगी-

02 किलो 175 ग्राम चरस

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 मनोज पंवार

उ0नि0 आकाश धामा,

का0 विपिन कुमार,

का0 मनीष भाटी,

का0 सागर राणा थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद

3-थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 04 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 11.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे अभियुक्तगण 1-राहुल पुत्र रमेश निवासी कटघर छोटी मंडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2-दीपक पुत्र श्री तुलसीराम निवासी मौहल्ला महबुल्लागंज थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3-आकाश सैनी पुत्र गुड्डू सैनी निवासी मौहल्ला महबुल्लागंज थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 4-हरीश पुत्र चन्द्रपाल निवासी दुर्गेशनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।